BC TRANSPLANT
Provincial Health Services Authority

# सिरोलिम्स(SIROLIMUS [SI-ROL-IMUS])

- इसे रैपामुन के नाम से भी जाना जाता है®
- यह दवा खाने वाली गोली या पीने वाली दवा के रूप में उपलब्ध है।

## दवा कैसी दिखती है?(What does the medication look like?)

| सिरोलिमस 1 मिग्रा सफेद गोली | सिरोलिमस 1 मिग्रा/mL पीने वाली दवा |
|---|---|
|  |  |

## यह दवा किस लिए है? (What is this medication for?)

आपके ट्रांस्प्लांट किए गए अंग को अस्वीकृत होने से रोकने हेतु सिरोलिम्स आपके शरीर की प्रतिरक्षा–प्रणाली को कम करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा है। यह आपके ख़ून की सफेद कोशिकाओं को कमज़ोर करती है, जिस कारण वे नए अंग को नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

## मुझे यह दवा कैसे लेनी चाहिए? (How should I take this medication?)

अपने शरीर में स्थिर मात्रा (दवा का स्तर) बनाए रखने के लिए अपनी दवाएं रोज़ाना एक ही समय पर लेना बहुत ज़रूरी है।

| | | |
|---|---|---|
| | यह दवा **दिन में एक बार** लें<br>(उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे) | आपकी दवा का समय: ____________________ |

- सिरोलिम्स भोजन के साथ या बिना भोजन ली जा सकती है। इसे भोजन के साथ लेने से पेट की गड़बड़ी कम करने में मदद मिल सकती है। एक सा नियम अपनाएं, यदि आप इसे भोजन के साथ लेते हैं, तो इसे हमेशा भोजन के साथ लें; यदि आप इसे ख़ाली पेट लेते हैं, तो इसे हमेशा ख़ाली पेट ही लें।
- गंभीर परस्पर प्रभाव पड़ने के कारण, यह दवा लेते समय चकोतरा या चकोतरे का जूस, पोमैलो या सेविल ऑरेंज फल/जूस खाने/पीने से बचें।
- यदि आपको किसी प्रक्रिया या ऑपरेशन के लिए जाने की ज़रूरत है, तो आपको (उपवास) से पहले कुछ भी नहीं खाना चाहिए, इसलिए आपको अभी भी अपने नियमित समय पर पानी के साथ अपनी ट्रांस्पलांट की दवाएं **ज़रूर** लेनी चाहिएं।

***याद रखें:*** *यदि आपको सिरोलिम्स के स्तर की जांच करवाने के लिए कहा जाता है, तो अपने ख़ून का आम टैस्ट करने से पहले अपनी सुबह की ख़ुराक न लें। अपनी दवा लेने के समय के आसपास अपने ख़ून का आम टैस्ट करने का प्लान बनाने की कोशिश करें। क्लिनिक या लैब में अपनी ख़ुराक लाएं, ताकि आपके ख़ून का टैस्ट किए जाने के बाद आप ख़ुराक ले सकें।*

BC TRANSPLANT
Provincial Health Services Authority

## छूटी हुई ख़ुराक या उल्टी द्वारा निकली ख़ुराक (Missed Dose or Vomited Dose:)

**यदि आपसे ख़ुराक छूट गई है,** जैसे ही आपको याद आए, अपनी दवा लें और फिर अपनी अगली ख़ुराक नियमित तौर पर निर्धारित समय पर लें। यदि आपकी अगली ख़ुराक लेने में बहुत अधिक समय नहीं बचा है, तो अपनी छूटी हुई ख़ुराक न लें और अपने नियमित समय पर ख़ुराक लेना जारी रखें। दोगुनी या अतिरिक्त ख़ुराक न लें।

यदि आपकी एंटी-रिजैक्शन दवाएं **1 दिन से अधिक समय तक छूट गई हैं,** तो आगे के निर्देशों के लिए फ़ौरन अपनी ट्रांस्प्लांट टीम से संपर्क करें।

**यदि** खुराक लेने के 30 मिनट के भीतर **आपको उल्टी** हो जाती है या यदि आप देखते हैं कि कोई दवा बाहर निकली है, तो ख़ुराक दोबारा लें। नहीं तो, बस अपने अगले निर्धारित समय पर ख़ुराक लें।

## इस दवा के कुछ संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं? (What are some possible side effects of this medication?)

| *दुष्प्रभाव* | **प्रबंधन** |
|---|---|
| *कोलैस्ट्रॉल का उच्च स्तर* | स्वस्थ, संतुलित भोजन करें। वसा और चीनी की कम मात्रा वाले खाद्य पदार्थ खाएं। |
| *उच्च ब्लड प्रैशर* | अपने ब्लड-प्रैशर की नियमित तौर पर जांच करें। आपको ब्लड प्रैशर की दवाओं की ज़रूरत पड़ सकती है। |
| *सिरोलिम्स आपके ख़ून की सफेद कोशिकाओं, लाल रंग की कोशिकाओं और प्लेटलैट्स की संख्या कम कर सकती है*<br><br>*आप संक्रमण और ख़ून निकलने के बढ़े हुए जोखिम पर हो सकते हैं* | आपके ख़ून की कोशिकाओं की संख्या की जांच करने के लिए ख़ून का आम नियमित टैस्ट किया जाएगा।<br>यदि आपको इन में से कोई समस्या है, तो अपने डॉक्टर को बताएं:<br>• अपनी ट्रांस्प्लांट को संक्रमण के संकेत (बुख़ार या कंपकंपी, दिल की तेज़ गति, ज़ुकाम और फ़्लू) के बारे में बताएं। सक्रिय संक्रमण वाले लोगों के नज़दीकी संपर्क में आने से बचने की कोशिश करें। बार बार हाथ धोएं।<br>• ख़ून निकलने के संकेत (चोट लगना, मल आने में कठिनाई, ख़ून की उल्टी या पेशाब में ख़ून)<br>• ख़ून की लाल कोशिकाएं घटने के संकेत (कमज़ोरी या थकान, थोड़े समय के लिए अचेत होना, चक्कर आना) |
| *मुंह के अल्सर* | मुंह को अच्छी तरह साफ़ करने का अभ्यास करें। दवा लेने के बाद मुंह को कुल्ला करके अच्छी तरह साफ़ करें। यदि अल्सर हो गए हैं, तो अपने डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि सिरोलिम्स की आपकी ख़ुराक कम करने की ज़रूरत पड़ सकती है। मुंह के अल्सर ठीक करने और दर्द कम करने के लिए मुंह में कुल्ला करने वाले जलन-रोधी तरल/पेस्ट दिए जा सकते हैं। |
| *त्वचा पर लाल चकते या मुहांसे* | यदि त्वचा पर लाल चकते होते हैं, तो फ़ौरन डॉक्टर से संपर्क करें। |
| *घाव भरने में देर होना* | यदि यह समस्या बन गया है, तो अपनी ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। |
| *फेफड़े की समस्याएं* | यदि आपको निम्नलिखित में से कोई भी है, तो फ़ौरन डॉक्टर से संपर्क करें: सांस की तकलीफ़, छाती में दर्द, लगातार रहने वाली सूखी खांसी, बुख़ार, जो किसी अन्य बीमारी से संबंधित नहीं है। |
| *कैंसर* | यह दवा लेने से त्वचा और अन्य कैंसरों के प्रति आपके ख़तरे बढ़ सकते हैं। यदि आपका कैंसर का रोग-निदान हुआ है, तो कृपया अपनी ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया "कैंसर संबंधी जोखिम" भाग देखें। |